वर्ष-01, अंक-303
छपरा
4 सितंबर बुधवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## अचानक नीतीश कुमार से मिले तेजस्वी यादव, 30 मिनट चली मीटिंग



**पटना,एजेन्सी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय में सूचना आयुक्त के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए बैठक की। इस बाबत मिली सूचना के अनुसार दो नाम पर सहमति बनी है। इनमें एक नाम विगत शनिवार को रिटायर हुए मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा का है और दूसरा नाम एक टीवी पत्रकार का है।

राजभवन की अनुमति के बाद बुधवार को राज्य सूचना आयुक्त के सदस्यों की नियुक्ति को ले अधिसूचना संभव है। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी यादव के साथ लगभग आधा घंटे तक बैठक की।

### नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद क्या बोले तेजस्वी?

मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक के बाद लौटने के क्रम में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में तेजस्वी यादव ने कहा कि जो नाम तय हुए हैं उसके बारे में राज्य सरकार के स्तर से जानकारी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री के साथ उनकी जाति आधारित गणना के बाद जो आरक्षण का दायरा बढ़ा है उसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामला अभी न्यायालय में है। मैंने कहा कि हमलोग भी न्यायालय गए हुए हैं।

**बिहार प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारी :**बिहार प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी दी गयी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। अपर समाहर्ता स्तर के अधिकारी जनमेजय शुक्ला को सत्तारूढ़ दल के सचेतक डॉ. आलोक रंजन का आप्त सचिव बनाया गया है।

### 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा जन सुराज

### कैमूर में बोले पीके-प्रशांत किशोर जिसके साथ रहा वह आज तक हारा नहीं है

**कैमूर,एजेन्सी।** कैमूर पहुंचे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सर्किट हाउस भभुआ में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बिहार में तीन बड़ी समस्या बताई बेरोजगारी पलायन, शिक्षा व्यवस्था का ध्वस्त होना और किसानों की बदहाली। नीतीश और लालू पर जमकर हमला बोला।

## हाईकोर्ट जज के रिटायरमेंट के बाद आए 9 फैसले

### सुप्रीम कोर्ट भी इससे हो रहा है हैरान, मांग ली रिपोर्ट



**चेन्नई (एजेंसी)।** मद्रास हाई कोर्ट के एक जज ने रिटायर होने के बाद फैसले दे दिए, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट तलब कर ली है। हाई कोर्ट के जस्टिस टी. माथीवनन के विस्तृत फैसले उनके रिटायरमेंट के बाद हाई कोर्ट की वेबसाइट पर जारी हुए हैं। इसे लेकर शीर्ष अदालत ने सवाल उठाया है और रिपोर्ट मांग ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से पूरी जानकारी तलब की है। अदालत ने पूछा है कि आखिर संबंधित फैसले का एक लाइन का जजमेंट कब आया था। इसके बाद डिटेल ऑर्डर कब अपलोड किया गया। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार डीए केस खारिज करने के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया। यह पहला मामला नहीं है, जब जस्टिस माथीवनन के व्यवहार को लेकर सवाल उठे हैं। वह मई 2017 में रिटायर हुए थे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस माथीवनन के एक फैसले को ही खारिज कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि माथीवनन के सुनाए फैसले की विस्तृत कॉपी वेबसाइट पर उनके रिटायरमेंट के 5 महीने बाद अपलोड की गई थी। आज अदालत को यह जानकारी दी गई कि मौजूदा केस के अलावा जस्टिस माथीवनन के करीब 9 ऐसे फैसले रहे हैं, जो उनके रिटायरमेंट के बाद अपलोड किए गए।

### बंगाल विधानसभा में अपराजिता विधेयक पारित

## पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो 10 दिन में फांसी



**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा ने अपराजिता महिला और बाल (पश्चिम बंगाल अपराध कानून संशोधन) विधेयक 2024 मंगलवार को पारित कर दिया। इस विधेयक में दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इसे अब राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। उसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा।

नए कानून के तहत दुष्कर्म मामलों की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। इसके अलावा पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुए हालिया घटनाक्रम के बाद पश्चिम बंगाल में दुष्कर्म एवं महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग उठ रही थी।

विधानसभा में पारित संशोधन विधेयक में दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। दोषी को जुर्माना भी देना होगा। इसके अलावा दोषियों को मृत्युदंड की सजा भी दी जा सकती है। जुर्माने की राशि का उपयोग पीड़िता की चिकित्सा और पुनर्वास के लिए किया जाएगा, जिसे विशेष अदालत के निर्धारित समय सीमा के भीतर देना अनिवार्य होगा। जैसा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 461 में उल्लेख किया गया है।

संशोधन विधेयक का उद्देश्य वेस्ट बंगाल क्रिमिनल लॉ एंड अमेंडमेंट बिल में बदलाव कर दुष्कर्म और यौन शोषण के मामलों में महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा बढ़ाना है। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 64, 66, 70(1), 71, 72(1), 73, 124(1) और 124 (2) में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। इसमें मुख्य तौर पर दुष्कर्म की सजा, दुष्कर्म और हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, लगातार अपराध करना, पीड़ित की पहचान उजागर, एसिड अटैक के मामले शामिल हैं। इसमें सेक्शन 65(1), 65 (2) और 70 (2) को हटाने का प्रस्ताव है।

## मणिपुर में फिर हमला लगातार दूसरे दिन ड्रोन अटैक

### कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाके में घरों पर गिराए बम

### 2 लोग घायल,म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट की आशंका



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में सोमवार की शाम उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किए। जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह 2 दिन में दूसरा ड्रोन अटैक है। सोमवार शाम करीब 6.20 बजे सेजम चिरांग के रिहायशी इलाके में ड्रोन से 3 विस्फोटक गिराए। जो छत को तोड़ते हुए घरों के अंदर फटे। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से गोलीबारी भी की। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की। सेजम चिरांग गांव, कोत्रुक से करीब 3 किमी दूर है, जहां रविवार 1 सितंबर को ड्रोन हमले और गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी और 9 लोग घायल भी हुए थे। ये आशंका जताई जा रही है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है, या वे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं। ड्रोन से पहला बम सेजम चिरांग गांव के मानिंग लीकाई में 65 साल के वाथम गंभीर के घर की छत पर बम गिरा, दूसरा बम उसके घर के बगल वाली गली में गिरा, जबकि तीसरा बम नदी के किनारे फटा।

### दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों की नक्सलियों पर बड़ी स्ट्राइक

#### अब तक 9 नक्सली ढेर,मुठभेड़ जारी,हथियार भी बरामद

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने अब तक 9 नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से नक्सलियों के शवों के साथ एसएलआर, 303 और 12 बोर के हथियार भी बरामद हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बस्तर डिवीजन में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। मंगलवार सुबह 10.30 बजे सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी का सामना पीएलजीए की कंपनी नंबर 02 के नक्सलियों से हुआ, जिसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।

## 'निष्क्रिय' लोगों को बाहर का रास्ता दिखाएगी कांग्रेस

### यूपी में शुरू हो गई है पार्टी के 'कायाकल्प' की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस में अब संगठन की नजर ऐसे जिला और शहर अध्यक्षों पर है, जो अपना काम पूरी ईमानदारी से नहीं कर रहे हैं। इनकी छंटनी पर फैसला ले लिया गया है। इन पदों पर बेहतर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को तैनात करने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक अगले 10 से 15 दिनों में जिला और शहर अध्यक्षों की लिस्ट नए सिरे से जारी की जाएगी। इन दिनों राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश स्तर तक कांग्रेस के संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। बीते दिनों कांग्रेस ने सचिवों की सूची जारी की थी। इसमें यूपी में तैनात रहे सभी 6 सचिवों को फिर से यूपी में ही तैनाती दी गई है। सचिवों की तैनाती के बाद कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और यूपी के सभी 6 सचिवों की बैठक हुई। इसमें संगठन को लेकर चर्चा हुई और तय हुआ है कि जिलों के संगठन की समीक्षा की जाए। जो भी जिला और शहर अध्यक्ष फिलहाल पूरी तत्परता से काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित करके उनकी जगह पर किसी दूसरे को यह जिम्मेदारी दी जाए। सूत्र बताते हैं कि चिह्नांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही इन लोगों की जगह पर नए जिला और शहर अध्यक्षों के नाम तय किए जाएंगे, जिसके बाद जिला और शहर इकाइयों के मुखिया की सूची जारी की जाएगी।

**प्रदेश कमेटी में भी शामिल हो सकते हैं कुछ और लोग**-जिला और शहर अध्यक्ष तय होने के बाद प्रदेश कमिटी में भी कुछ और लोगों को शामिल करने की तैयारी है। सूत्र बताते हैं कि पहले से शामिल रहे लोगों को की जिम्मेदारी बदलने पर भी विचार किया जा रहा है। कांग्रेस की मंशा है कि विधान सभा उपचुनाव के पहले ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। हालांकि नेतृत्व की तरफ से साफ कर दिया गया है कि बदलाव किए जा सकते हैं लेकिन इससे उप चुनाव की तैयारियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

लिहाजा उप चुनाव की तारीखें अगर हाल फिलहाल घोषित नहीं होती हैं तो बदलाव की प्रक्रिया उसके पहले ही हो जाएगी। अगर उप चुनाव की तारीखें प्रक्रिया के पहले ही आ जाती हैं तो उप चुनाव तक इन बदलावों को टाला जा सकता है।

### स्कूल की रसोई के ताले पर मल लगा मिला

**चेन्नई,एजेन्सी।** तमिलनाडु में एक स्कूल में मध्याह्न भोजन केंद्र के ताले पर मानव मल लगा पाए जाने से आक्रोश फैल गया है।

मंगलवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक की शिकायत के बाद नमक्कल जिला पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक एस राजेश कन्नन ने कहा, स्कूल प्रशासन ने मल धोने के बाद ही शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने कहा, हमारे पास कुछ सुराग हैं। हम कुछ ही दिनों में मामले को सुलझा लेंगे।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता एल मुरुगन ने घटना की निंदा की है तथा तमिलनाडु सरकार से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

उन्होंने 2022 में पुदुकोट्टई के वेंगाइवायल में हुई एक घटना का जिक्र करते हुए कहा, ÷यह घटना पीने के पानी की टंकी में मल फेंकने जितनी ही क्रूर है,÷ जहां अनुसूचित जाति के लोगों की बहुलता वाले क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करने वाले टैंक में मानव मल पाया गया था।

### ब्रूनेई पहुंचे पीएम मोदी

## सुल्तान बोल्कैया के महल में भव्य स्वागत,गार्ड ऑफ ऑनर भी



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार दोपहर 3 बजे 2 दिन के दौरे पर ब्रुनेई पहुंचे। एयरपोर्ट पर क्राउन प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह ने उनका रेड कार्पेट वेलकम किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। यह किसी भारतीय पीएम का पहला ब्रुनेई दौरा है। दोनों देशों के बीच 2024 में राजनयिक संबंधों के 40 साल पूरे हुए हैं। पीएम मोदी ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसन अल-बोल्कैया के निमंत्रण पर यहां आए हैं। थोड़ी देर में दुनिया के सबसे बड़े महल इस्ताना नुरुल इमान में उनका स्वागत होगा। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार (30 अगस्त) को बयान जारी कर कहा था कि ब्रुनेई भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसेफिक के विजन के लिहाज से एक महत्वपूर्ण साझेदार है। हाइड्रोकार्बन और प्राकृतिक गैस आयात¬ भारत ब्रुनेई से हाइड्रोकार्बन आयात कर रहा है और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी के दौरे के दौरान इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी। भारत ने ब्रुनेई के हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में 270 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। प्राकृतिक गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए इसे और बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ पर भी आपसी सहयोग बढ़ाने की कोशिश पर भी चर्चा होगी। भारत, म्यांमार की स्थिति पर चर्चा करेगा। भारत, ब्रुनेई के साथ समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। भारत दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ साझेदारी को मजबूत करने की कोशिशों में लगा है। इसके जरिए भारत इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को काउंटर करना चाहता है।

## बिहार में मंकी पॉक्स की एडवाइजरी जारी, जेपी एयरपोर्ट पर विदेश के यात्रियों की होगी निगरानी




**पटना,एजेन्सी।** बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने मंकी पॉक्स की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और अस्पतालों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के बाद प्राथमिकता के आधार पर जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (पटना) पर एक स्वास्थ्य डेस्क स्थापित किया गया है। पटना के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन हवाई अड्डे के अधिकारियों और जिला सिविल सर्जन को आने वाले यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को पटना आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पिछले 21 दिनों के इतिहास को हवाई अड्डे पर नोट करने के लिए कहा गया है। डीएम ने बताया कि पटना स्थित गयाघाट के अंतर्देशीय नौवहन प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जहाजों के माध्यम से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को मंकी पॉक्स का कोई मामला दर्ज होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने बताया कि अस्पतालों को इस बीमारी के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले रोगियों को अलग रखने के लिए बिस्तर आरक्षित करने का भी निर्देश दिया गया है।

## तेलंगाना-आंध्र में बारिश-बाढ़ से 33 की मौत, 432 ट्रेनें कैंसिल

### 23 राज्यों में आज बारिश की संभावना, गुजरात में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पिछले 3 दिनों से भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ आ गई है। दोनों राज्यों में अब तक 33 लोगों की मौत हुई है। इनमें 17 लोग आंध्र और 16 तेलंगाना के थे। सोमवार (2 सितंबर) की दोपहर तक लगभग 432 ट्रेनें कैंसिल की गईं। 139 ट्रेनों को डायवर्ट किया गया।

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि उन्होंने अपने 50 साल के पॉलिटिकल करियर में यह सबसे बड़ी त्रासदी देखी है। हुदहुद और तितली साइक्लोन की तुलना में पिछले तीन दिनों की बारिश से ज्यादा नुकसान हुआ है। राज्य में करीब 4.5 लाख लोग प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार (3 सितंबर) को मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित 23 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात के सूरत और भरूच जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट है। IMD ने अगले 3 दिनों में गुजरात में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### तेलंगाना : बारिश-बाढ़ से 5438 करोड़ का नुकसान

तेलंगाना सरकार ने सोमवार को बताया कि बारिश-बाढ़ से राज्य को कुल 5438 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। 110 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इनमें 4000 से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। लगातार बारिश के कारण खम्मम के प्रकाश नगर में मुन्नरू नदी का जलस्तर बढ़ गया है। खम्मम के कलेक्टर मुजम्मिल खान ने कहा कि पिछले 30 सालों में ऐसी बाढ़ नहीं आई है।



# सर्वे अधिकारी भू स्वामी द्वारा दिए गये प्रपत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर बनायेगे नये खतियान

## भू स्वामी खुद से वंशावली बनाकर, आपसी बंटवारा कर जमा करें कागजात– सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार में नये सिरे से भूमि सर्वे का काम शुरू हो गया है। जिसमे सारण जिले मे भी सर्वे का कार्य युद्ध स्तर पर विभाग के तरफ से शुरू हो गया हैं। सोनपुर अंचल के 19 राजस्व ग्राम मे शिविर लगाकर नये भूमि सर्वे के विषय मे ग्रामीणों को विस्तृत जनकारी दी गयी हैं। भू स्वामियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो ऐसी स्थिति में विभाग ने कई कदम उठाई है। उक्त बात की जानकारी देते हुए सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि किसी भी व्यक्ति को भूमि सर्वेक्षण से घबराने की आवश्यकता नहीं है। सर्वे में सरकार का एकमात्र उद्देश्य है भूमि विवाद को कम करना और रैयत को उनका हक दिलाना हैं। उन्होंने कहा कि भू स्वामियों को खुद से सादे कागज पर अपनी वंशावली बनानी है। वंशावली में बहन और पुत्री का नाम जोड़ना है। अगर पहले से बनाये गये पंचायत स्तर या नॉटरी पब्लिक या मजिस्ट्रेट से बनाये गये वंशावली भी मान्य हैं। सभी प्रपत्र को भरकर जमीन के दस्तावेज के साथ खुद घोषणा करनी है। सर्वे कर्मीआपके गांव में जाकर दस्तावेज की जांच करेंगे। जमीन की दस्तावेज और दखल कब्जा के आधार पर नया खतियान बनाएंगे। वैसे लोगों को परेशानी बढ़ेगी जो गलत तरीके से जमीन पर दखल कब्जा या गलत तरीके से भूमि के दास्तांवेज के हेरा फेरी या जबरन किसी के भूमि कब्जा कर लिए गये हैं वैसे लोगो को परेशानी होंगी । इसमें असली रैयत को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी दीपू कुमार गुप्ता ने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को बहकावे में नहीं आना है अपने भूमि से संबंधित कागजात दुरुस्त कर ले।भूमि सर्वे से संबंधित निम्नलिखित कागजात की जरूरत है, जैसे वंशावली, आपसी बटवारा, भूमि से संबंधित दस्तावेज, खतियान,भूमि की लगान रसीद जैसे जरूरत कागजात को एकत्रित कर स्वयं प्रमाणित किये गये वंशावली, स्टाम्प पेपर पर या पंचनामा पेपर पर आपसी बटवारा के कागजात, दान मे दिए गये भूमि के कागजात, भूमि के क्रय के कागजात,आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, प्रपत्र मे भरकर सलंग्न करना अनिवार्य हैं। रैयत को प्रपत्र 2 मे स्वयं घोषणा पत्र में जमीन संबंधित पूरी जानकारी देनी है। भू स्वामी अगर गलत प्रपत्र भर कर या किसी तथ्यों को छुपाकर कागजात देने वाले भू स्वामियों को जांच पड़ताल में गड़बड़ी करने वाले वैसे लोगो के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जदयू नेता विनोद कुमार सिंह की आकस्मिक मौत, सोनपुर क्षेत्र मे शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के रजिस्ट्री बाजार स्थित राधिका पुरी निवासी जदयू के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह की मृत्यु मंगलवार को अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई। स्व सिंह जेपी आंदोलन में भी बढ़कर हिस्सा लिया था। वे छात्र जीवन से जन सेवा की भावना दिल में सहयोग कर कार्य करते रखे तथा मठ मंदिरों में सब परिवार जाकर सेवा करते थे। स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह अपने पीछे अपनी पत्नी तीन पुत्रों तथा दो पुत्री सहित भरे पुरे परिवार को छोड़ कर चले गए हैं। सोनपुर के कालीघाट के निकट उनका जेष्ट पुत्र भालू कुमार सिंह द्वारा मुख अग्नि दी गई। उनके अंतिम शव यात्रा में जदयू, भाजपा, राजद सहित विभिन्न पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ के आलावा बड़ी संख्या में व्यापारी, दुकानदार, सामाजिक कार्यकर्ता छात्र नौजवान आदि उपस्थित हुए। इनके मृत्यु पर सोनपुर विधायक डॉक्टर रामानुज प्रसाद, अधिवक्ता संघ के संस्थापक विश्वनाथ सिंह, विष्णु दास उदासीन मौनी बाबा, पत्रकार अभय कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, पत्रकार संजीत कुमार, भाजपा नेता लाल बाबू कुशवाहा, डॉ नवल कुमार सिंह, पारसनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह,हरेश्वर प्रसाद सिन्हा, नरेंद्र सिंह जदयू के प्रखंड व पंचायत स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह की लोकप्रियता उनके किए गए सामाजिक कार्यों के कारण बढ़ी थी। जदयू के नेताओं ने कहाँ की स्व सिँह के निधन होने से पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को खो दिया, जिसकी भरपाई असम्भव हैं।

## लक्ष्य से कम गिरफ्तारी करने वाले थानाध्यक्षों को पुलिस अधीक्षक सारण ने किया शोकॉज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले मे विधि व्यवस्था शन्ति पूर्वक रहे इसके लिए सभी थाना को लक्ष्य निर्धारित पुलिस अधीक्षक के द्वारा दी गयी थी लेकिन कार्य मे शिथिलता को लेकर एसपी ने लक्ष्य से कम गिरफ्तारी करने वाले थानाध्यक्षों को शोकॉज किया गया हैं.प्रेस रिलीज करते हुए पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को जनकारी दी गयी कि जिला के सभी थानाध्यक्ष को प्रतिदिन किसी भी शीर्ष में कम से कम एक अभियुक्त की गिरफ्तारी निश्चित रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया था परंतु माह अगस्त-2024 में जिला के कई थानों द्वारा दिए गए लक्ष्य से काफी कम गिरफ्तारी की गई है, जो इनके अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अदेशोल्लंधन एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। माह अगस्त-2024 में लक्ष्य से कम की गिरफ्तारी करने वाले 17 थानों जो निम्न है उन पर शौकॉज किया गया हैं जिसमे :- नगर थाना, खैरा थाना, कोपा थाना, जलालपुर थाना, सहाजितपुर थाना, नगरा थाना, डोरीगंज थाना, एकमा थाना, रसुलपुर थाना, दाउदपुर थाना, गौरा थाना, पानापुर थाना, इसुआपुर थाना, पहलेजा थाना, हरिहरनाथ थाना, नयागांव थाना एवं अकिलपुर थानों से स्पष्टीकरण की गयी हैं मांग।

## सात दिवसीय भागवत कथा संपन्न, आगत अतिथियों का किया गया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रांगण मे श्री राधा कृष्ण मंदिर द्वारा कृष्ण जन्मअष्टमी के शुभ अवसर पर राधा किशोरी जी का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भागवत कथा के आखिरी दिन सोमवार को जयप्रकाश यूनिवर्सिटी कुलपति पर्मेन्द्र वाजपेयी, बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव मदन झा, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और बिजली एसडीओ शम्भू शरण के द्वारा उद्धघाटन किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों को बाबा द्वारा मंच पर अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश बाबा मंदिर सचिव विजय लाला मंदिर कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह, सुशीलचंद्र शास्त्री, सुमंत बाबा, गोपाल जी, मुन्ना सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। मालूम हो कि भागवत कथा 27 अगस्त से शरू होकर 2 सितम्बर को समाप्त हो गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा की भागवत कथा सुनकर लोगो को उसका अनुसरण करना चाहिए। जो भागवत सुनकर उसका अनुश्रण कर लिए तो कही तीर्थ पर जाने की अवश्यकता नहीं है।जब कथा सुनकर घर लौटे तो परिवार जनो के साथ भी बैठ कर सुने हुए कथा का चर्चा करें।

## सेवानिवृत होने वाले रेल कर्मचारियों के लिए समापक भुगतान सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल में अगस्त माह 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 12 रेल कर्मचारियों के लिए समापक भुगतान सह विदाई समारोह, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में दिनांक 2/9/24 को आयोजित किया गया । समारोह में सभी कर्मचारियों को समापक भुगतान के साथ-साथ सेवा प्रमाण पत्र सहित सेवा-मेडल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने अपने संबोधन में कर्मचारियो को सेवानिवृत्ति राशि का सदुपयोग, स्वास्थयमय जीवन व्यतीत करने की सलाह देते हुए उनके भावी सुखी जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि मंडल कार्यालय में किसी भी प्रकार का काम होने पर उसकी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अमित कुमार सिंह ,मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) सहित अन्य अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।




## पूर्व में कार्यरत रेल कर्मियों ने सोनपुर लोको शेड के समीप किया धरना- प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्व मध्य रेलवे कामगार यूनियन के बैनर तले सोनपुर रेलवे स्टेशन के लोको शेड के समीप सैकड़ो की संख्या में पूर्व में आकस्मिक एवं एवजी रेल मजदूर व उनके आश्रितो ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मंगलवार को कर्मियों ने किया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के महासचिव उमेश कुमार सिंह ने किया। जबकि संचालन लक्ष्मी शाह ने किया। धरना प्रदर्शन पर बैठे रेलवे मे कार्यरत पीडब्लूआई, खलासी सहित अन्य रेलवे कार्य मे कार्यरत कर्मियों का कहना था कि 1986 से लेकर 2011 तक कैजुअल पर कार्य कर रहे कर्मियों को अचानक हटा दी गई है। ऐसे मे उनलोगो के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई। विभाग ने पूर्व मे कार्यरत कुछ कर्मियों को नौकरी मे स्थायी किया गया जबकि अन्य कर्मियों को हटा दिया गया जो आज तक उन्हें नौकरी मे नही रखे। पूर्व मे कार्यरत कर्मियों का मांग है कि पूर्व मे करीब 400 रेल मजदूर को स्थाईकरण किया जाय और पूर्व मे कार्यरत कर्मियों जो अपनी माँग को पूरा करने के इंतजार मे स्वर्गवास हो गये वैसे मे मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को नौकरी देने जैसे अनेक मांगों को लेकर सोनपुर डीआरएम को माँग पत्र सौपा है। धरना प्रदर्शन कर रहे उमेश कुमार सिंह,ओम प्रकाश शर्मा ,नागेंद्र कुमार राय,लक्ष्मी शाह, योगेंद्र राय, उपेंद्र सिंह, गजेंद्र साह,अशरफी पासवान,बिजेंदर शाह सहित सैकड़ो रेल मे पूर्व मे कार्यरत कर्मियों ने कहा कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो दिल्ली लेबर कमिश्नर के पास पहुँच कर अपनी फरियाद दर्ज करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में नेवारी के एक व्यक्ति की बोकारो में मौत, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नेवारी गांव निवासी डॉ.भोला राय के 40 वर्षीय पुत्र पंचदेव प्रसाद यादव की बोकारो के कटरा में सड़क दुर्घटना में सोमवार की रात्रि मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पंचदेव प्रसाद यादव जीवन यापन के लिए अपने परिवार के साथ बोकारो में रहकर काम करते थे। सोमवार की रात्रि करीब 8:00 बजे पंचदेव प्रसाद यादव अपने एक साथी के साथ किसी काम से बाहर निकले थे की बोकारो से लगभग 15 किलोमीटर पहले कटरा में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए। जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को मिली और सभी दहार मारकर रोने लगे। आसपास के सैकड़ो लोग उनके नेवारी स्थित आवास पर इकट्ठा हो गए। तत्काल उनके बड़े भाई हरिनारायण राय व अन्य गाड़ी से बोकारो के लिए रवाना हो गए और मंगलवार को वहीं पर शव का अन्त्य परीक्षण करा कर दाह संस्कार कर दिया गया। बता दें वे गायत्री मिशन से जुड़े हुए थे और गायत्री मिशन के प्रचारक भी थे। घटना के बाद पत्नी, 20 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी, 16 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी तथा पुत्र समेत परिजन दहार मारकर रो रहे थे। वे रोते रोते अचेत हो जा रहे थे। उनको सम्भालने वाला वहां कोई नहीं था। इधर उनके मृत्यु की खबर से नेवारी गांव में भी मातम पसर गया। सभी ग्रामीण एवं परिजनों के चहेते पंचदेव प्रसाद यादव के मौत से चिंतित हैं। लोगों के जुबान पर एक ही सवाल आ रहा था कि अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य के नहीं रहने से अब उनके बच्चों का क्या होगा। अभी सभी बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं और उनके सर से पिता का साया उठ गया। ग्रामीण मंगलवार को दिनभर उनके शव के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। लेकिन बोकारो गए बड़े भाई व परिजनों ने यह निर्णय लिया की उनका दाह संस्कार बोकारो में ही कर दिया जाए। इधर ग्रामीण उनके शव को एक झलक देखने के लिए दिन भर टक टकी लगाए बैठे थे। वे गांव समाज में इतने चर्चित थे की सबके जुबान पर उनके व्यवहार कुशलता की चर्चा सुन सबकी आंखें नम हो जा रही थी।

## मेला देख कर लौट रहे साला व जीजा सड़क दुर्घटना में घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के चांप ओवर ब्रिज के समीप सोमवार की देर संध्या सड़क दुर्घटना में जीजा और साला गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायलों में मनोज कुमार और उसका जीजा श्यामकिशोर साह है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महाराजगंज मेला देखने के लिए दोनों गए थे और वहां से संध्या में वापस लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चांप ओवर ब्रिज के समीप दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद इसकी सूचना स्वजनों को दी। सूचना पर स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए।

## 170 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के सोनहो बाजार पर गुप्त सूचना के आधार पर भेल्दी पुलिस ने छापेमारी कर एक वरेजा कार से 170 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन धंधेबाजो को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार धंधेबाजो में सिवान जिले के दरौली थाने प्रकाश उपाध्याय,नौतन थाने के खलबा गांव के अभिषेक कुमार व पचरूखी थाने के नारायणपुर गांव के प्रवीण कुमार यादव शामिल है।तीनों को मंडल कारा छपरा भेज दिया गया।

### दो दिन सात घंटे बंद रहेगा टाउन एक व हास्पिटल फीडर

**परवेज अख्तर** /सिवान।निर्धारित रखरखाव व नए 11 केवी फीडर निर्माण के लिए सात व आठ सितंबर को करीब सात घंटे टाउन एक व हास्पिटल फीडर में बिजली की सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान शहर के कुछ मोहल्ला वासियों को बिजली की किल्लत से जूझना होगा। कार्य के दौरान इन इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहेगी। बिजली कटौती के दौरान विभाग ने उपभोक्ता से वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की गई है। इस मामले में शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिवशंकर सिंह ने बताया कि सात व आठ सितंबर को प्रातः पांच बजे से 12 बजे तक निर्धारित रखरखाव व नए 11 केवी फीडर निर्माण के लिए 11 केवी टाउन एक एवं 11 केवी हॉस्पिटल फीडर बंद रहेगा।इस कारण महादेवा, पुलिस लाइन, खुरमाबाद, चकिया, फतेहपुर बाईपास, तरवारा मोड़ से बाईपास आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# पल्स पोलियों अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी,जिले में 22 सितंबर से शुरू होगा अभियान

### गृह भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पांच वर्ष तक के बच्चों को दिया जाएगा पोलियो ड्राप : डीआईओ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पांच दिवसीय अनुराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आगामी 22 सितंबर से शुरू होने वाला है। जिसके तहत जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसकी सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जीएनएम कॉलेज के सभागार में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षता करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि यह अभियान 22 सितंबर से 28 सितंबर तक चलेगा। पहले पांच दिन टीकाकर्मियों द्वारा गृह भ्रमण कर लक्षित बच्चों को पोलियो की दो- दो बूंद दवा पिलाने का काम किया जाएगा। जबकि 28 सितंबर को छूटे हुए बच्चों को दवा दी खुराक पिलाई जाएगी। इस दौरान सारण जिले में 5.6 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए करीब 6 लाख घरों का भ्रमण किया जाएगा।एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पोलियो दवा की कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होती है। इसलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को निश्चित रूप से पोलियो खुराक दिलाना चाहिए। इसके लिए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। हालांकि सभी लक्षित घर के प्रत्येक बच्चों तक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित हो इसको लेकर जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि यह सभी लोग प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के सभी पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। ताकि पल्स पोलियों अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूटे नहीं। हालांकि इसके लिए अलग से जिलाधिकारी अमन समीर और सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा के द्वारा दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन दिया जाएगा।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एसएमओ डॉ रंजीतेश कुमार ने कहा कि प्रक्षीक्षको का प्रशिक्षण (टीओटी) के दौरान उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पल्स पोलियों अभियान के लिए विभागीय स्तर पर बनाए गए पीपीटी के माध्यम से प्रक्षिक्षण से संबंधित कार्यकलापों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण पल्स पोलियों अभियान की शत सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि प्रशिक्षकों की उच्च स्तर की तैयारी और क्षमता अभियान की शत प्रतिशत सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षकों के माध्यम से वह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बच्चे को समय पर और सही तरीके से पोलियो की खुराक पिलाई गई। पल्स पोलियों अभियान भारत में बच्चों को पोलियो के वायरस से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण एक अहम कदम है। जिसके लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। जिससे अभियान की प्रभावशीलता और सफलता की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह, डब्ल्यू एच ओ के एसएमओ डॉ रंजीतेष, यूनिसेफ की एसएमसी आरती त्रिपाठी, प्रशासनिक विश्लेषक नागेंद्र चौधरी, यूएनडीपी के वीसीसीएम अंशुमान पाण्डेय, सीसीटी शक्ति कुमार और लिपिक निरंजन सिंह सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# उदासीनता : धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम कार्रवाई को ले गंभीर नहीं दिख रहा महकमा

## आधा दर्जन फर्जी नर्सिंग होम पर छापेमारी का लेन-देन कर रफा-दफा




( सांकेतिक तस्वीर)

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के विभिन्न जगहों पर झोला छाप चिकित्सको के द्वारा अवैध नर्सिंग होम का धड़ल्ले से संचालन पर लाख प्रयास के बाद भी लगाम नहीं लग पा रहा है।प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांवों तक निजी फर्जी नर्सिंग होम का कारोबार फैला हुआ है। अभी बीते सप्ताह पहले मशरक के मुन्नी मोड़, रेलवे ढाला, डुमरसन बाजार और लखनपुर में सीएचसी मशरक के तरफ से गठित छापेमारी टीम ने फर्जी नर्सिंग होम पर छापेमारी की गयी , जिसमें आधा दर्जन महिला मरीजों का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया था पर उक्त नर्सिंग होम पर कोई कार्रवाई न करते हुए मामले को लेन देन कर रफा-दफा कर दिया गया। जिसकी इलाके में जबरदस्त चर्चा है वहीं दो नर्सिंग होम में आशा कार्यकर्ता को ही संचालन करते पकड़ा भी गया पर मामला रफा-दफा कर दिया गया। सबसे रोचक पहलू यह है कि सीएचसी मशरक के समीप ही कई अवैध नर्सिंग होम संचालित हैं जो झोला छाप के द्वारा संचालित होता हैं । जिससे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनजान बने हुएं है। हालांकि अवैध नर्सिंग होम में मरीज की मौत होने के बाद हंगामा होने पर प्रशासन जरूर जागती है। लेकिन इसके बाद कार्रवाई के नाम पर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से दोबारा खोल दिया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिचौलिए की मदद से इन नर्सिंग होम में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। दलाल आशा और अस्पताल कर्मी की मदद से मरीजों को फसाने के बाद नर्सिंग होम में ले जाते हैं और बगैर जरुरत के ही केवल पैसा ऐंठने के लिए गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन कर दिया जाता है जिसका नतीजा है कि सरकारी अस्पताल में प्रसव का ग्राफ नीचे हैं। जिसमें सीएचसी मशरक में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं,वही अस्पताल में डिलेवरी के दौरान नार्मल डिलीवरी नहीं होने का बहाना बना देती है। वहीं अधिकांश नर्सिंग होम के आगे एमबीबीएस डॉ के बोर्ड लगें हुएं हैं हद तो यह है कि कई झोला छाप ने भी अपने नर्सिंग होम के आगे स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ का बोर्ड लगा रखा है। अवैध नर्सिंग होम संचालक के नेटवर्क में आशा कार्यकर्ताओं की बेहतरीन भूमिका हैं। ज्यादातर क्लीनिक झोलाछाप डॉक्टर, कंपाउंडर और नर्सो के द्वारा चलाए जाते हैं।ऐसे अवैध नर्सिंग होम दो या तीन कमरों के मकान में चलाये जाते हैं, जहां एक कमरे को ऑपरेशन थिएटर घोषित कर दिया जाता है। इन फर्जी नर्सिंग होम में युवा वर्ग के मरीज लोक लज्जा के ख्याल और गर्भ में पल रहे बेटी के एवोर्सन के लिए पहुंचते हैं जहां कार्यरत कर्मी मनचाहा रूपये लेते हैं।

### बगैर रजिस्ट्रेशन वाले नर्सिंग होम पर नकेल कसने का डीएम ने दिया है निर्देश

डीएम अमन समीर ने जिला स्वास्थ्य समिति की कई बैठकों में सिविल सर्जन को जिले में बगैर रजिस्ट्रेशन के चलाये जा रहे सभी निजी क्लीनिक को सील करने का निर्देश दिया है। इसके लिए उन्होंने लगातार छापेमारी अभियान चलाने का आदेश जारी किया है। निर्देश है कि कोई भी नर्सिंग होम या निजी क्लिनिक बगैर रजिस्ट्रेशन का नहीं चलेगा। इसके अलावा जिले में फीमेल सेक्स के गिरते रेशियों को देखते हुए भी डीएम ने सभी रजिस्टर्ड निजी नर्सिंग होम और प्राइवेट क्लीनिक में डिलीवरी सिजेरियन और बच्चों के जन्म का पूरा ब्यौरा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश जारी करते हुए इसके लिए सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

# राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए मढ़ौरा के शिक्षक सूर्य देव कुमार का चयन



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2024 की जारी सूची में मढ़ौरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरहरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक सूर्य देव कुमार का नाम शामिल होने पर शिक्षकों ने हर्ष जताया हैं। सम्मान पाने वाले शिक्षकों की सूचि मंगलबार को जारी की गई, जिसमें सारण जिले के मढ़ौरा प्रखंड नरहरपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुर्य देव कुमार एवं सारण जिले से ही दूसरा नाम परसा प्रखंड की परसा मथुरा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका संजू कुमारी सरोज समेत बिहार के कुल 41 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिन्हें 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर विभागीय मंत्री एवं एसीएस के द्वारा प्रसस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सभी चयनित शिक्षकों को पटना में सम्मानित किया जाएगा। मढ़ौरा के शिक्षक सूर्य देव कुमार ने अपने चयन को लेकर कहा कि राजकीय शिक्षक सम्मान के लिए चयन शिक्षण कार्यक्षेत्र में बेहतर परिणाम के लिए प्रेरक के साथ ही मेरे जीवन के लिए एक उपलब्धि भी हैं। इससे मुझे और ऊर्जा के साथ और बेहरत कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा, ताकि और भी शिखर सम्मान मिल सके। उन्होने बताया कि जिला स्तर पर मुझे इसी वर्ष 15 अगस्त को सम्मान प्राप्त हुआ था। इसके पहले भी प्रखंड एवं अनुमण्डल स्तर पर कई बार मुझे सम्मानित किया गया है। बता दें कि मढ़ौरा प्रखंड क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरहपुर में उच्च स्तर का शैक्षणिक माहौल कायम करने में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुर्य देव कुमार ने एक नजीर पेश किया है। क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरहपूर का विद्यालय भवन, उसकी सज सजा, पोषण वाटिका, फूलो से हरा भरा विद्यालय परिसर, खेल कूद गतिविधियां, छात्रों में अनुशासन आदी उच्च स्तर का दिखता हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुर्य देव कुमार के राजकीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए चयन पर बीइओ मदन मोहन साह, शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, संदीप कुमार, अनिल कुमार सिंह, विभूति सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी।

# तिहरे हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों आरोपी दोषी करार, कोर्ट सुनाएगा सजा आज

## मृतकों के परिजनों का छलका दर्द,डर के साये में जीने को विवश

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धानाडीह गांव में डेढ़ माह पूर्व एक हीं परिवार के पिता व दो नाबालिग बेटियों की सुप्तावस्था में चाकु से गोदकर हुई तिहरे हत्याकांड के मामले में कोर्ट ने स्पीडी ट्रायल चलाकर ऐतिहासिक फैसला लिया है।इस हत्याकांड के मामले में पुलिस ने सराहनीय प्रयास कर हत्याकांड के दो घंटे के भीतर दो लोगों को गिरफ्तार किया था जिसमें रसूलपुर गांव निवासी संतोष राम के पुत्र सुधांशु कुमार उर्फ रौशन व सुनील राम के पुत्र अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा मुकर्रर किया है, जिसकी सजा कोर्ट द्वारा वुधवार दोपहर 1-00 बजे सुनाई जाएगी। उधर हत्याकांड के आरोपियों की सजा होने की खबर सुन मृतक तारकेश्वर सिंह उर्फ झाबर सिंह की पत्नी शोभा देबी तथा इकलौता पुत्र का दर्द छलक उठा।इसके लिए पीड़ित परिवार ने सारण पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि हमें माननीय न्यायालय पर पूर्ण विश्वास व भरोसा है कि दोनों आरोपियों को न्यायालय द्वारा फांसी की सजा सुनाई जाएगी,यदि फांसी की सजा नहीं दी गयी तो कोर्ट हमारे साथ नाइंसाफी करेगा।पीड़ित परिजनों का कहना है कि सारण पुलिस ने उनके लिए भले हीं सुरक्षा के खास इंतजामात किए हैं पर वो आज भी डर के साये में जीने को विवश हैं,उधर ग्रामीणों ने भी हत्याकांड के 14 दिनों में पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने दो माह के भीतर इस तिहरे हत्याकांड मामले में न्यायालय के फैसले को सराहनीय बताते हुए सारण जिले के लिए ऐतिहासिक फैसला बताया है।

# स्व. रामछबिला सिंह की 25 वीं पुण्यतिथि मनी



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के चंदउपुर गांव में मंगलवार को सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत्त स्वराम छबिला सिंह की 25 वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने स्वसिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके पुत्र एयरफोर्स के जवान रिंकू कुमार सिंह एवं अशोक सिंह ने बताया कि मेरे पिता स्वराम छबिला सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रजौरी सेक्टर में तत्कालीन ब्रिगेडियर द्वार स्वर्गीय राम छबिला सिंह के नाम पर एक सेक्टर बनाया गया। समारोह के आरंभ में आचार्य राजू पंडित द्वारा पूरे विधिवत पूजा-आर्चना करायी गई। वहीं स्वसिंह की पत्नी के द्वारा उनके नाम पर एक द्वार का शिलान्यास किया गया। सूबेदार स्वसिंह के छह पुत्र व चार पोता आज भी सेना में हैं। ग्रामीणों की माने तो चंदउपुर गांव के करीब डेढ़ सौ लोग सेना में अभी कार्यरत हैं। जबकि लगभग ढाई सौ की संख्या में सेवानिवृत हो चुके है। अंत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक अजीत हलचल व सनी सिंह ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। तबला वादक प्रिंस पांडेय थे। मौके पर कैप्टन अतुल कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अनिश कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, आदित्य कुमार, अक्षय कुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार, संदीप कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पंचायती समाप्त होते ही युवक को मारपीट कर चाकू गोदा,प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण) ।** पंचायती समाप्त होते ही एक युवक की मारपीट कर चाकू से गोदकर जख्मी कर दिया।घायल रत्नेश कुमार वर्मा भेल्दी थाने के शोभेपुर गांव का बताया जाता है।इलाज गड़खा सीएचसी में किया गया।

भेल्दी थाने में दर्ज प्राथमिकी में शोभेपुर गांव के रत्नेश कुमार वर्मा ने कहा है कि 1 सितंबर को शोभेपुर गांव में एक पंचायती गांव के मुखिया प्रतिनिधि व सरपंच प्रतिनिधि के कहने पर शोभेपुर पोखरा पर रखा गया था।यह पंचायती बाबा धाम के दौरान सुदामा राय के मृत्यु के संबंध में रखा गया था।24 जुलाई को कुल 26 लोग बोलेरो पिकअप पर एक साथ बाबा धाम गए थे।जल चढ़ाने के बाद घर लौटते समय रास्ते में सुदामा राय की मौत हो गई। इसी बात को लेकर शोभेपुर दुर्गा मंदिर पर एक पंचायती रखा गया था।पंचायती में करीब 150 लोग शामिल थे।पंचायती में पंचों द्वारा यह फैसला हुआ कि इस मामले में किसी का दोष नहीं है।पंचायती समाप्त होते ही आधा दर्जन लोगों ने युवक को मारपीट करने के बाद चाकू गोद कर जख्मी कर दिया और पाकेट से 16 सौ रूपए निकाल लिए। इस मामले में शोभेपुर गांव के रामाशंकर राय,रोहित राय उर्फ टूटू राय,शैलेंद्र राय उर्फ बम राय,जितेन्द्र राय उर्फ जीतन राय,नीतीश राय व गणेशपट्टी गांव के धर्मेन्द्र राय को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।




# शिक्षकों के सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखण्ड के जैतपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र पाण्डेय व माधुरी कुमारी तथा अरुण कुमार सिंह के सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों की ओर से सभी को अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सभी शिक्षको के कार्यकाल व उत्तम व्यवहार की सराहना की। वहीं कहा कि सरकारी सेवा में एक दिन सभी को सेवानिवृत्त होना है। मगर संसार में शिक्षक यानी गुरु के स्थान को कोई नही ले सकता। शिक्षक कभी रिटायर नही होते। शिक्षक समाज के प्रेरणा दायक होते है। सेवानिवृत शिक्षकों ने सबका आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोगों से मिले प्रेम व सम्मान को हमलोग जीवन भर नही भूलेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रभु नाथ राय ने किया जबकि मंच संचालन डॉ मनोरंजन कुमार मयंक ने किया। मौके पर राजेश रमण चौबे,नसरुदीन अंसारी, सतीश चंद्र कश्यप, मो.इजहारउल हक, सुनील कुमार सिंह, डॉ.किरण, कुमारी रीना, कुमारी रिया, प्रमोद राम, कमलदेव राय आदि समेत अनेक गणमान्य मौजूद थे।

# डेरनी में अल्पसंख्यक समाज का हुआ सम्मेलन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के डेरनी बाजार पर राजद का विधानसभा स्तरीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सम्मलेन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो अनवर आलम ने कहा की अल्पसंख्यक संगठन को सारण जिले में तय दिशानिर्देश में काम करना होगा। एक एक नाराज लोगों को गले लगाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। हमलोगों को पिछले विधानसभा में अपनी अति आत्मविश्वास के कारण मिली पुरानी हार को भूलकर नए उत्साह से मेहनत कर अपनी सरकार बनानी है।

पूर्व मंत्री और गरखा के विधायक सुरेंद्र राम ने कहा की राष्ट्रीय जनता दल हमेशा अल्पसंख्यक समाज के मानसम्मान के लिए लगातार काम किया है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार आपलोग बनवाइये और बिहार को तरक्की की राह पर पहुंचाइये। पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी ने अल्पसंख्यक समाज से आग्रह किया की आपलोग बँटने का नहीं अपितु एकता बनाकर अमन चैन की पार्टी राजद की सरकार तेजस्वी के नेतृत्व में बनाइये। विधान पार्षद मोहम्मद कारी सोहैब ने आपसी एकता के प्रति सबको आगाह किया और कहा की तेजस्वी यादव जी की नजर अपने काम करने वाले हर एक एक कार्यकर्ताओं पर है। आप कार्यकर्ता बंधु की बदौलत ही ये सरकार बदलनी है और तेजस्वी की सरकार बनानी है। समाजसेवी और प्रखंड राजद अध्यक्ष ने सभी नेताओं का अभिनन्दन किया। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्नान खान और संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एजाज खान ने किया.कार्यक्रम में कई गांव सैकड़ो अल्पसंख्यक समाज के लोग शामिल हुए।

# रहस्यमय ढंग से वृद्ध महिला घर से गायब, परिजन परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कर्ण कुदरिया गांव से घर से वृद्ध महिला गुरूवार की अहले सुबह से रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। जिससे महिला के परिजन परेशान हैं। कर्ण कुदरिया बीडीसी नीरज साह ने बताया कि वृद्ध महिला कर्ण कुदरिया गांव निवासी जाटा साह की 64 वर्षीय पत्नी शांति देवी हैं जो गायब हो गई है। परिजन किसी अनहोनी आशांका से डरें हुए हैं।

# टाटा नेक्सोन कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरख थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मशरक रेलवे ढाला के पास टाटा नेक्सोन में शराब धंधेबाज को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसमे मशरक डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान टाटा नेक्सोन कार को कुल-41472 लीटर विदेशी शराब के साथ जप्त किया, साथ ही राहुल कुमार, पिता नागेन्द्र राय, गांव-पोखरेरा, थाना-तरैया को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मशरख थाना कांड संख्या- 530/24 दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# जमीन में छुपा कर रखा गया 1360 लीटर स्प्रीट बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** डीएसपी मशरक अमरनाथ के नेतृत्व में अवैध शराब को लेकर मशरक में छापेमारी की गयी। डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चमन सिंह उर्फ रजनीश सिंह एवं उसके अन्य साथियों के द्वारा मशरक के छपिया गांव स्थित एक खेत में भारी मात्रा में स्प्रीट मिटी के अन्दर छिपाकर रखे हुए है तथा छोटे शराब कारोबारियों को सप्लाई करने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल से 40 लीटर के कुल 34 गैलन में कुल 1360 लीटर स्प्रीट बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मशरक थाना पुलिस मामले में जांच में जुटी है।



# परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे महाराजगंज सांसद 'सिग्रीवाल'

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के डुमरसन बिनाका इलेक्ट्रॉनिक साउंड एंड ग्रुप के प्रोपराइटर स्वसंतोष कुमार के निधनं के बाद महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मंगलवार को पहुंच शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, मंतोष सिंघानिया, क्वालिटी जितेन्द्र ठाकुर, श्रवण प्रसाद उपमुखिया मुन्ना कुमार, अरुण प्रसाद, राजा सोनी, सुरेन्द्र साह, प्रेमचंद साह समेत अन्य मौजूद रहें।

# प्लम्बर की बिजली का करेंट लगनें से मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के तख्त टोला गांव निवासी शख्स की बिजली का करेंट लगनें से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक तख्त टोला गांव निवासी स्व उमाशंकर सिंह कुशवाहा के 46 वर्षीय पुत्र अजय सिंह कुशवाहा हैं। वहीं स्टेशन रोड निवासी प्रसिद्ध खाद बीज व्यापारी बिजायन प्रसाद का भतीजा है। मृतक के पंजाब के जालंधर में प्लम्बर मिस्त्री का काम करने के दौरान बिजली का करेंट लगनें से मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक परिवार का कमाऊ सदस्य था। मृतक की पत्नी रम्भा देवी, पुत्री संजू कुमारी, सिमरन कुमारी, पुत्र समीर कुमार का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन शव लाने के लिए जालंधर रवाना हो गए।

# इसुआपुर में महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला शांतिपूर्ण संपन्न

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर मनाए जाने वाले जिले का प्रसिद्ध महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेले का 48वां आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। अचितपुर, इसुआपुर, बिशुनपुरा, आतानगर, डटरा पुरसौली के सांस्कृतिक मंचों के उद्घाटन के दौरान स्थानीय विधायक जनक सिंह, वरीय नेता शैलेंद्रप्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, अखाड़ों के लाइसेंसधारी शत्रुघ्न प्रसाद चौरसिया, पंडित नंदकिशोर चतुर्वेदी, मदन सिंह, नागेंद्र सिंह, विजय सिंह, अमरनाथ प्रसाद, पंचायत के मुखिया गणों, बीडीसी सदस्यों, गणमान्य लोगों समेत दर्जनों लोगों को पगड़ी व अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। इसुआपुर बाजार पर दोपहर बाद से ही 14 लाइसेंसी अखाड़े हाथी घोड़े व गाजे-बाजे के साथ गंवारा घूमते एकत्र होने लगे। जिनके लिए महावीरी पूजा समिति द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर युवाओं ने कुश्ती के साथ-साथ लाठी गदका, ढ़ाल-तलवार जैसे पारंपरिक हथियारों से अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं दूर-दूर से आए कलाकारों ने अपने विभिन्न हैरतअंगेज करतब दिखाए। मेले में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा देवी-देवताओं के रुप में निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। सांस्कृतिक मंचों पर दूर-दराज से आए कलाकार अपने कला के प्रदर्शन से पूरी रात एक दूसरे से आगे निकल जाने की होड़ में लगे रहे। डॉक्टर अमरेश कुमार, सुशीला हमियो केयर, सीएचसी



इसुआपुर के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। वहीं सैनिक कैंटीन इसुआपुर तथा प्रशासन की तरफ से भी शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई थी। एसडीएम मढ़ौरा डॉक्टर प्रेरणा सिंह, एसडीपीओ मसरख अमरनाथ, एसडीपीओ मढ़ौरा, डीएसपी ट्राफिक छपरा , डीएसपी प्रशिक्षु छपरा,सीओ सह बीडीओ इसुआपुर करुण करण, राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय समेत दर्जनों मजिस्ट्रेट तथा वरीय पुलिस पदाधिकारी भारी महिला व पुरुष बल के साथ विधि व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय दिखे। जिससे मेले में पहुंचे बेकाबू जुलूस को कंट्रोल किया जा सका।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में युवक घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव में मंगलवार को आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में यासमीन शाह के पुत्र नौशाद आलम घायल हो गए। उनका इलाज नबीगंज अस्पताल में चल रहा है।

## पंचायत समिति की बैठक आज

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में विकास योजना समेत विभिन्न मुद्दे पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बच्ची देवी करेगी। बैठक में बीडीओ, सीओ, समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य शामिल होंगे।

## दर्जनों मवेशियों का किया गया इलाज

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के भिटौली में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिवसागर चौरसिया के नेतृत्व टीम द्वारा दर्जनों पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया। इस मौके पर संदीप सिंह, जयराम यादव, सन्नी यादव, रामप्रसाद यादव, सुनील भगत, फनींद्र बैठा, शंकर यादव समेत कई पशुपालकों के पशुओं का इलाज किया गया। बताया जाता है कि पशुपालकों के पशु खुरहा, मुंहपका आदि रोक से करीब पांच दिनों से संक्रमित थे। जिला पशुपालन पदाधिकारी अहसानुल होदा के निर्देश पर पशुओं का इलाज किया गया।

## मेला में पुलिस कर ही गश्त

**महाराजगंज (सिवान)।** मौनिया बाबा मेले में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस जगह-जगह गश्त कर रही है। वहीं मेले में मौत का कुआं, मीना बाजार समेत अन्य मनोरंजन का आनंद क्षेत्र के लोग उठा रहे हैं। वहीं मेले में मिठाई, फर्नीचर समेत अन्य दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

## आर्केस्ट्रा ट्राली के साइड के विवाद में हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी नहीं

**महाराजगंज (सिवान)।** मुख्यालय स्थित शिव मंदिर के समीप आर्केस्ट्रा ट्राली के साइड को ले प्रधान अखाड़ा सिहौता एवं धनछुआ अखाड़ा के लोगों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद एक पक्ष द्वारा सड़क जाम कर दिया गया था। इसकी सूचना मिलते ही एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया गया। मारपीट की घटना के 12 घंटे बाद भी किसी पक्ष द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष द्वारा आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि इस घटना में सिहौता निवासी कुणाल सिंह का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## 23 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के उखई पूरब टोला गांव में 23 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। इसमें पूरब टोला से शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सौदागर प्रसाद व राजकुमार सिंह है। पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर इसी गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति महादेवा थाना क्षेत्र के झुनापुर गांव निवासी हातिम मियां है।

## रघुनाथपुरः अपराध की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार, जेल

**परवेज अख्तर/सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मुरारपट्टी गांव स्थित कृषि फार्म के समीप से पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान अपराध की योजना बनाते दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों बदमाशों से पूछताछ की। वहीं तीनों की जांच के दौरान उनके पास से एक सिक्सर, एक कट्टा, छह गोली, दो बाइक व एक मोबाइल को बरामद किया गया। पूछताछ के बाद सभी को देर शाम जेल भेज दिया गया। मामले रघुनाथपुर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो बाइक सवार तीन बदमाश अपराध की योजना बन रहे हैं। उक्त सूचना पर वरीय पदाधिकारी को सूचना देकर उक्त स्थल पर वाहन जांच कराई गई। जांच के दौरान दो बाइक पर तीन बदमाश को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बदमाशों द्वारा किसी घटना की अंजाम देने की तैयारी थी। बताया कि गिरफ्तार बदमाश रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के हरनाथपुर निवासी संजय कुमार साह, रोहित भगत, सिसवन थाना क्षेत्र के नन्दामुड़ा निवासी मनीष सिंह है। कहा कि ये दो बाइक पर सवार होकर निखती कलां गांव की तरफ से रघुनाथपुर की तरफ आ रहे थे। इन्हें शक के आधार पर रोका गया।

## घर पहुंचकर पशुओं का उपचार करेगी मोबाइल वेटनरी यूनिट

### जिले को 11 मोबाइल वेटरनरी वैन की गई आवंटित

### नौ सितंबर को मुख्यमंत्र करेंगे शुरूआत

**परवेज अख्तर /सिवान।** पशुपालकों के लिए राहत भरी खबर है। दुधारू पशुओं के बीमार पड़ने पर उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा। नौ सितंबर के बाद में पशु पालकों के घर एक काल करने पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (वैन) पहुंच जाएगी। उक्त दिन मुख्यमंत्री इसकी शुरूआत करेंगे। यह व्यवस्था डायल 108 की तर्ज पर संचालित होगी। केंद्र सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के तहत जिले को 11 मोबाइल वेटरनरी वैन आवंटित की गई हैं। इन्हें मुख्यालयों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा एक वैन जिला मुख्यालय पर आकस्मिक सेवा के लिए मौजूद रहेगी। पहले चरण में योजना में गाय व भैंस को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक एंबुलेंस में एक पशु चिकित्सक, एक पैरावेट, एक चालक व अनुचर होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर समय पर इलाज न मिलने के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इससे पशुपालकों को काफी झटका लगता है। वैन में चिकित्सा संबंधी उपकरण और दवाएं उपलब्ध होंगी।

**कहते हैं अधिकारी :**

जिले के लिए 11 मोबाइल वेटनरी वैन आवंटित की गई है। नौ सितंबर को मुख्यमंत्री उसका शुरूआत करेंगे। उसके बाद जिला के लिए वैन मुहैया कराया जाएगा। पशु पालकों के घर एक काल करने पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (वैन) पहुंच जाएगी।-

**डा. अहसानूल होदा जिला पशुपालन पदाधिकारी**

## महावीरी अखाड़ा के लाइसेंसधारियों को किया गया सम्मानित

**महाराजगंज (सिवान)।** मौनिया बाबा मेला की समाप्ति के बाद मंगलवार को शहर में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के युवा अध्यक्ष नीतीश कुमार द्विवेदी ने विभिन्न अखाड़ा के लाइसेंसधारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब मैं छोटा था उसी समय से मन में यह जिज्ञासा थी कि मौनिया बाबा मेला उत्तर बिहार में एक अलग स्थान रखता है। इसकी ख्याति दूर-दूर तक है। जिस संयम, उत्साह के साथ लाइसेंसधारी अखाड़ा लेकर पहुंचते हैं उन्हें सम्मानित करने का सपना लिए थे जो सपना साकार हो गया। उन्होंने अखाड़ा लाइसेंसधारियों से कहा कि आप सब इस युग के अवतार हैं। उन्होंने रुकुंदीपुर, उजांय, कौथुआ सारंगपुर, वैदापुर विशुनपुरा, पकवलिया, कपिया, रामापाली, कौथुआ सारंगपुर, फतेहपुर के अखाड़े के लाइसेंसधारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय कुमार सिंह, रवींद्र सिंह, बड़े सिंह, छोटे सिंह आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग के अपहरण मामले में महिला सहित तीन नामजद

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को डरा धमकाकर अपहरण करने के मामले में अपहृता की मां ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। आरोपितों में एमएच नगर थाना के कन्हौली निवासी अभिषेक कुमार व समीर शेख व अभिषेक की मां शामिल है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मेरी लड़की का आंदर केवाइपी कोर्स कराने के बहाने योजना बनाकर उक्त सभी आरोपितों ने डरा-धमका कर अपहरण कर लिए, काफी खोजबीन के बाद पता चला कि कन्हौली निवासी उक्त सभी आरोपितों द्वारा पुत्री का अपहरण कर लिया गया है। उसने आवेदन में दर्शाया है कि मेरी पुत्री घर से मंगल सूत्र, 30 हजार रुपये नकद, कान की बाली, पाजेब के अलावा एक सोने की चेन भी ले गई है। उन्होंने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हत्याकांड में अप्राथमिक अभियुक्त फरार

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर गांव में तीन अप्रैल को रामानुज सिंह की बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी थी। इस मामले में अप्राथमिक अभियुक्त फरार है। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हो गया है। इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 169/24 दिनांक चार अप्रैल धारा 302 दर्ज किया गया है। कांड अनुसंधान अंतर्गत है। अनुसंधान के क्रम में कांड के अप्राथमिक अभियुक्त इरशाद अंसारी की संलिप्त कांड में पाई गई है जो अपने घर से फरार है। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से वारंट प्राप्त किया जा चुका है। जल्द ही न्यायालय से इश्तेहार एवं कुर्की अधिपत्र प्राप्त कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अभियोजन शाखा के कार्यो की एसपी ने किया समीक्षा

**सिवान।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को एसपी अमितेश कुमार ने पदाधिकारियों के साथ अभियोजन शाखा के कार्यों की समीक्षा की । इस दौरान एसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि अभियोजन शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई व शाखा के कार्यों में आ रही बाधाओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## झंडा मेला के आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहीं चार नाबालिग किशोरियों को पुलिस ने पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के इसुआपुर बाजार में आयोजित झंडा मेला में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में शामिल होने जा रही 4 नाबालिग लड़की को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मौके पर मुक्ति मिशन फाउंडेशन के विरेन्द्र कुमार सिंह, अक्षय पांडेय,नारायणी सेवा के अखिलेंद्र सिंह, विकास मिश्रा,अनीषा कुमारी,प्रिती कुमारी ने सारण पुलिस के सहयोग से अभियान चलाया और हनुमानगंज गांव में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। वहीं उसी रास्ते से इसुआपुर के झंडा मेला में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में शामिल होने जा रहे टीम में जांच पड़ताल के बाद 4 नाबालिग को हिरासत में ले लिया। सभी लड़की पश्चिम बंगाल की बतायी जाती है। उक्त मामले में थाना पुलिस की तरफ से कुछ भी बताने से इंकार किया गया। संस्था के लोगों ने बताया कि चारों नाबालिग को महिला पुरूष की सुरक्षा में जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

## भगवानपुर हाट:दहेज में कार व पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर बहू को घर से निकाला

**परवेज अख्तर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के भीखमपुर निवासी विश्वास कुमार की पत्नी निशा कुमारी ने सोमवार को थाना में आवेदन देकर अपने पति समेत सास रीना देवी, ससुर कृष्णा सिंह के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी कराई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मेरी शादी भीखमपुर निवासी विश्वास कुमार के साथ 2022 में हुई थी। इस दौरान मेरे पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर मेरी शादी की थी। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद मेरे पति, सास और ससुर दहेज के रूप में पांच लाख रुपया नकद एवं कार मायके से मांगने का दबाव बनाने लगे। इसकी सूचना मैं अपने पिता को दी। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मांग पूरी नहीं हो सकी। इससे ससुराल वाले दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। साथ ही मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।




